Madhya Pradesh Budget Analysis 2022-23

- The Finance Minister of Madhya Pradesh, Mr. Jagdish Devda, presented the Budget on 09th March 2022 for the state for the financial year 2021-22.
- The total budget of Madhya Pradesh for the year 2022-23 is 2 lakh 79 thousand 237 crores.

Constitutional Provision of Budget for State

- As per **Article 202** of the Constitution of India, the Governor of a State shall cause to be laid before the House or Houses of the Legislature of the State a statement of the estimated receipts and expenditure of the State for a financial year.
- This estimated statement of receipt and expenditure for a financial year named in the Constitution as the "**Annual Financial Statement**" is usually referred to as "Budget".

The key highlights of the budget of Madhya Pradesh:

मध्य प्रदेश में राजस्व घाटा 18356.22 करोड़ रुपये
मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट भाषण में कहा कि मध्य प्रदेश में बिजली में 21 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई है। मध्य प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2011-12 से 2021-22 की अवधि में स्थिर भावों पर 7.09 प्रतिशत औसत वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में 48 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था की गई। अब 4 हजार किमी सड़क बनाने का लक्ष्य है। वित्तमंत्री ने बजट भाषण में कहा, प्रदेश में राजस्व घाटा 18356.22 करोड़ रुपये रहा। जल-जीवन मिशन के तहत घर-घर पानी पहुंचाया गया है। बुरहानपुर जिले में हर घर को नल से जोड़ा गया। जल जीवन मिशन सरकार की प्राथमिकता है। ग्रामीण अंचलों में विकास की रफ्तार बढ़ी है। गोव संवर्धन के लिए मध्य प्रदेश में नई योजनाए शुरू की जाएगी।

उज्जैन में बनेंगे मेडिकल डिवाइस पार्क

मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट भाषण के दौरान उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क बनाने की घोषणा की। सरकार ने इस बजट में उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण को मंजूरी दी है। साथ ही उद्योग के लिए सस्ती दरों पर जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि उद्योग लगने से प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

सिंगरौली में बनेगी नई हवाई पट्टी

मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट भाषण के दौरान कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ा है। मनरेगा के लिए बजट में 3500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सिंगरौली में नई हवाई पट्टी का निर्माण हो रहा है। प्रदेश में आईटीआई को अब बेहतर किया जा रहा है। इसके साथ ही एमपी में मछली का भी उत्पादन बढ़ा है।

किसानों को 1.72 लाख करोड़ की सहायता

मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट में गो-संवर्धन के लिए नई योजना शुरू करने की घोषणा की। मध्य प्रदेश की फसलों को जीआइ टैग दिलाने का प्रयास जारी है। वित्त मंत्री बजट पेश करत हुए कहा कि बिजली में 21 हजार करोड़ की सब्सिडी दी गई। हमारा लक्ष्य 4000 किमी सड़कें बनाना हैं। किसानों को 1 लाख 72 हजार करोड़ की सहायता दी जाएगी।

गायों की सेवा के लिए शुरू होगी योजना

मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बजट भाषण में कहा कि गायों की सेवा के लिए नई योजना शुरू की जाएगी। भोपाल के बगरोद और बैरसिया में उद्योग पार्क बनेंगे। जनजाति विकास निगम बनेगा। यह रोजगार के अवसर तैयार करेगा। बुरहानपुर जिले के हर घर को नल-जल की सुविधा मिल रही है। यह पहला जिला बन गया है। अजा वित्त विकास निगम के लिए 40 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ओबीसी के लिए पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम के लिए 50 करोड़ का प्रावधान है।

सागर, शाजापुर, उज्जैन में सोलर प्लांट

सिंचाई और घरेलू जल के लिए बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार ऊर्जीकरण का महत्वपूण कार्य कर रही है। सागर, शाजापुर, उज्जैन में सोलर प्लांट लगेंगे। उद्यानिकी फसलों के लिए एक लाख मीट्रिक टन की भंडारण क्षमता विकसित की जाएगी। दुग्ध उत्पादन योजना शुरू होगी। इसके लिए 1050 का प्रावधान है। प्रदेश में घर-घर पशु चिकित्सा सेवा शुरू होगी। मछली पालन के क्षेत्र में रोजगार की संभावना है। मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना शुरू होगी। इसके लिए 50 करोड़ का प्रावधान है।

13000 टीचरों की भर्ती

13000 टीचर्स की नियुक्ति की जाएगी। 11 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इससे 11 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर विकसित होंगे।अजा-अजजा और ओबीसी की महिलाओं के स्वरोजगार के लिए भी काम किए जा रहे हैं। यह काम स्व-सहायता समूहों के जरिए हो रहा है। इनको 2000 करोड़ रुपए का क्रेडिट दिया जाएगा।

विकसित किए जाएंगे नए औद्योगिक क्षेत्र

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मध्य प्रदेश में 11 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इनमें 11 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री आपके द्वार योजना प्रदेश में लागू होगी। इसके साथ ही प्रदेश में गायों की सेवा के लिए नई योजना शुरू होगी। हमारी सरकार

महिलाओं के विकास के लिए भी काम कर रही है। महिलाओं को हम स्वसहायता समूह से जोड़ेंगे। घर-घर अब पशु चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। प्रदेश में जैव ईंधन पर जोर रहेगा।

मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना के लिए 50 करोड़

मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री मत्स्य योजना के लिए 50 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। मछली पालन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं। मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना शुरू होगी।

byjusexamprep.com